## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में 20 वर्षीय युवक की मौत



**उमरिया।** जिले के बिलासपुर थाना चौकी अंतर्गत ग्राम हर्रवाह के समीप चौक में शुक्रवार की सुबह एक दोपहिया वाहन अनियंत्रित होकर टकरा गया जिसमे सवार 20 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया,आनन फानन में घायल युवक को 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया,घटना की जानकारी के बाद मृतक देवीदीन कोल के परिजन जिला अस्पताल पहुंचे जहां घटना की जानकारी के बाद मातम पसर गया,बता दें मृतक का विवाह बीते वर्ष हुआ था दुर्घटना में युवक की मौत के बाद पत्नी का रोरोकर बुरा हाल है,वहीं पुलिस इस मामले में मर्ग कायम करविवेचना कर रही है।

### नाबालिक को दस्तयाब कर किया परिजनों के सुपुर्द

**गोहपारू ।** 10 फरवरी को फरियादी द्वारा रिपोर्ट दर्ज किया था कि, उसकी 16 वर्षीय नाबालिक बालिका को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर भगा ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले में नाबालिक बालिका की पता तलाश घटना दिनांक से लगातार की गई जो दिनांक 03 अप्रैल को उक्त बालिका को ग्राम झूकेही थाना अमदरा जिला मैहर से सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी गोहपारू के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक विद्यासागर एवं आरक्षक अमर सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### 11 अवैध प्लाटिंग को सरकारी प्रबंधन में लेने हेतु समिति गठित, आदेश जारी

**शहडोल।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरविंद शाह ने तहसील सोहागपुर अंतर्गत 11 अवैध प्लाटिंग को सरकारी प्रबंधन में लेने का आदेश जारी किया है। न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी सोहागपुर में विचाराधीन 11 प्रकरणोंमेंकृषिभूमिकोभूखण्डोंमेंविभक्त कर विक्रय किया गया है जो की विहित धाराओंकेतहतअवैधप्लाटिंगकेसंबंधमे नियम एवं विहित प्रावधानुसार प्रबंधन मे लिये जाने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सोहागपुर, सहायक यंत्री लोक निर्माण विभाग शहडोल व संबंधित ग्राम पंचायत सचिव की त्रिस्तरीय प्रबंधन समिति का गठन करते हुए संबंधित को प्रबंधक नियुक्त किया गया है।

## नवरात्र के बाद चार मंडलों में अध्यक्षों का खुलेगा खाता

# ब्यौहारी, गोहपारू के साथ बुढार और धनपुरी में राजनीति चरम पर

**धनपुरी मंडल के दावेदार**

**अपने-अपने गुट को लेकर चल रही अंदरूनी रस्सा कसी**





**बुढार मंडल के दावेदार**





भारतीय जनता पार्टी में जिला अध्यक्ष की नियुक्ति के बाद चार मंडलो के अध्यक्षों की नियुक्ति के प्रयास लगातार जारी है, इधर जिला कार्यकारिणी को लेकर जहां अंतिम मोहर लगाती नजर आ रही है, वहीं नवरात्र के बाद शेष चार मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति को लेकर पार्टी के अंदर खाने में रस्साकसी तेज होती जा रही है।

**शहडोल।**

भारतीय जनता पार्टी के संगठन में नियुक्तियों को लेकर जिला अध्यक्ष की नियुक्ति के बाद ही जिला कार्यकारिणी के गठन के लिए कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में नई ऊर्जा देखने को मिल रही है, पार्टी के कार्यकर्ता और पुराने पदाधिकारी जो पहले कमल प्रताप के इर्द-गिर्द घेरा बना कर रखते थे,अब उसमें से एक बड़ा हिस्सा छटक कर श्रीमती अमिता चपरा के इर्द-गिर्द नजर आता है, वहीं जिला अध्यक्ष पद के दावेदार भी दाव में मात खाने के बाद अब अगले कार्यकाल के लिए मेहनत करते नजर आ रहे हैं और उन्होंने भी जिला अध्यक्ष के इर्द-गिर्द घेरा बना लिया है, कांग्रेस और अन्य दलों की तुलना में भारतीय जनता पार्टी का संगठन शायद इसलिए मजबूत और हर चुनाव में अच्छे नतीजे देता है क्योंकि यहां संगठन ही सर्वोपरि और वरिष्ठ पदाधिकारी के आदेश को एक स्वर में कार्यकर्ता और पदाधिकारी आदेश मानते हुए नजर आते हैं, हालांकि लोकतांत्रिक तरीके से आंतरिक चुनाव होने और पद की लालसा के कारण रस्साकसी भी कांग्रेस से कई गुना ज्यादा नजर आती है, लेकिन इसके बाद भी संगठन के आदेश को मानने से पदाधिकारी पीछे नहीं रहते, पूर्व में पार्टी के लगभग मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति कर दी गई थी, जिसमें से गोहपारू और धनपुरी के अध्यक्षों की नियुक्ति बाद में रद्द की गई। अब कुल मिलाकर ब्यौहारी ,धनपुरी, बुढार और गोहपारू के मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति होनी है, जिसको लेकर रस्साकसी तेज होती जा रही है, यह माना जा रहा है कि नवरात्र के बाद इन चारों मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति कर दी जाएगी।

### बुढ़ार में सबसे अधिक घमासान

मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति को लेकर वैसे तो चारों खाली पड़े मंडलों में पार्टी के पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष बनने के लिए वरिष्ठों की देहरी के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन बुढ़ार में यह दावेदारी और आपसी रस्साकशी सबसे अधिक नजर आ रही है। यही कारण है कि दर्जन भर नाम अभी तक सामने आ चुके हैं, इन नामो में विधायक के साथ ही सांसद और स्थानीय जनप्रतिनिधियों और भाजपा के दिग्गजों के अलग-अलग नाम एवं अपने प्यादे और अपने दावे पूरे करवाने के फेर में सभी लगे हुए नजर आ रहे हैं ।भाजपा से अर्जुन सोनी, आदित्य पांडे, श्री कृष्ण गुप्ता, विनोद पाठक, सोनू आहूजा, राज पाठक, आशु तिवारी, नमन ताम्रकार, सज्जन पांडे व पुष्पराज सिंह जैसे नाम अभी तक सामने आए हैं , इन सब के पीछे कहीं ना कहीं कोई गुट और आका भी लगा हुआ है और सब अपनी-अपनी तैयारी में अपनी अपनी दावेदारी को आगे बढ़ा रहे हैं।

### धनपुरी में दर्जन भर नाम दौड़ में

जिले की सबसे धनी नगर पालिका और यहां के मंडल अध्यक्ष को लेकर एक दर्जन से अधिक नाम इन दोनों चर्चाओं में है, धनपुरी में ही पूर्व में पार्षद भोला पनिका की नियुक्ति मंडल अध्यक्ष पद को लेकर हुई थी, लेकिन बाद में उन पर यह आरोप लगाए गए कि चुनाव के दौरान उन्होंने भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़ा था, हालांकि वह बाद में भाजपा में शामिल हुए थे लेकिन उन्हें पूर्ण भाजपाई नहीं माना गया और यह भी माना गया कि उन्होंने भाजपा के साथ बगावत की थी, इसलिए उनकी शिकायत जब शहडोल से भोपाल तक पहुंची तो भोला पनिका को अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा था। फिलहाल जिन नाम की चर्चा इन दोनों सबसे अधिक है उसमें स्थानीय राजनीति के चाणक्य के सबसे खास माने जाने वाले अजय शर्मा का नाम सबसे आगे माना जा रहा है, इन्हीं के गुट के मोहन सोनी और सचिन दहिया का नाम भी जुड़ा हुआ है ,वही यदि मंडल में महिला को जिम्मेदारी दी जाती है तो भाजपा नेत्री धीरू सिंह परिहार का नाम भी लिया जा रहा है , दूसरे क्रम में रवि कश्यप, अनिल जायसवाल, शैलेंद्र सराफ जैसे नाम सामने आ रहे हैं वहीं युवा नेताओं में राजवीर द्विवेदी, विनोद गुप्ता, गौरव तिवारी और समाजसेवी तथा पत्रकार पंकज शर्मा का भी नाम धनपुरी मंडल अध्यक्ष के लिए इन दिनों चर्चा में है। सबके पीछे एक अलग गुट और एक अलग कहानी है और इन सब पर भाजपा का संगठन नजर रखे हुए हैं।

### वरिष्ठों से चर्चा के बाद होगी नियुक्ति

भारतीय जनता पार्टी की जिलाध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा इस मामले में कहती है कि गुटबाजी से दूर ऐसे नाम शामिल किए जाएंगे जिन पर सबकी मोहर हो, श्रीमती चपरा कहती है कि मंडल अध्यक्ष की नियुक्ति के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों,पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष और विधायक से लेकर सांसद, पार्षद से लेकर पदाधिकारी सबसे चर्चा की जा रही है इसके लिए भाजपा की टीम लगातार कार्य कर रही है, संभवत नवरात्र समापन के बाद इसकी घोषणा की जा सकती है, ऐसे नाम की तलाश है जो सर्वमान्य हो, इसके साथ ही उन्होंने कहा कि संगठन में सभी नाम सामने रखे जाएंगे और आपसी सहमति से ही लोकतांत्रिक तरीके से मंडलो में नियुक्ति की जाएगी।

**आवश्यकता है**
जेसीबी ड्राईवर की आवश्यकता है अनुभवी व्यक्ति संपर्क करें।
**मोबाईल नं. 9425869816**

# जंगली सुअर के शिकार के फेर में दो की गई जान: आरोपी गिरफ्तार

**शहडोल।**



जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र अंतर्गत करंट लगने से दो ग्रामीणों की मौत के मामले में ब्यौहारी पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, इस संदर्भ में आरोपियों ने पुलिस से पूछताछ के दौरान यह स्वीकार किया कि उन्होंने जंगली सूअर के शिकार के लिए तारे बिछाकर उसमें करंट फैलाया था, जिसमें फंसकर कैलाश कोल और छोटू कोल की मृत्यु हो गई, इस पूरे मामले में ब्यौहारी थाना प्रभारी अरुण पांडे और उनकी टीम ने घटना के बाद आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित की है, पुलिस ने मनदीप कोल निवासी दांडी टोला को इस मामले में पूछताछ के दौरान गिरफ्तार किया है उसके द्वारा अपने साथी हरिशंकर कोल ,झल्लू कोल ,उमेश पटेल के नाम भी सामने रख रखे, जिन्हें भी पुलिस के द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया ह, पुलिस द्वारा जारी प्रेस नोट में इस पूरे मामले का खुलासा भी किया गया है।

### यह है पूरा मामला

जंगली जानवरों को मारने के लिये लगाये गये बिजली करंट मे फसने से कैलाश कोल एवं छोटू कोल निवासी खड्डा की हुई मृत्यु हो जाने के बाद आखिरकार ब्यौहारी पुलिस ने पूरे मामले का खुलासा करते हुए 04 आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले का पटाक्षेप कर ही दिया,बीते एक नवंबर को सूचनाकर्ता मोलेराम कोल पिता बोधई कोल उम्र 36 वर्ष निवासी बलौड़ी पश्चिम का थाना उपस्थित आकर देते हुए पुलिस को बताया था कि की बीते दिवस वह अपने जीजा छोटू कोल निवासी खड्डा के यहा निमंत्रण मे आया था, खाना पीना खाकर जीजा छोटू कोल एव जीजा के भाई कैलाश कोल के साथ रात्रि करीब 10 बजे गहनुआ नाला मे लगे मोटर पम्प को बंद करने घर से करीब 2 किमी दूर गये थे पम्प बंद कर आधे घंटा के बाद वापस हम तीनो लोग लौट रहे थे आगे आगे कैलाश और उसके पीछे मेरा जीजा छोटू और मै सबसे पीछे चलकर आ रहे थे कुछ दूर चलने के बाद आते समय कैलाश रास्ते मे लगे नंगी बिजली तार की करंट की चपेट मे आने से छोटू कोल एव कैलाश कोल को बिजली करंट लगा गया बिजली करंट लगने से कैलाश की मौत हो गई व छोटू कोल को बिजली का छटका लगने से फेका गया मै उनके पीछे था मुझे करंट नही लगा तभी मै गोहार मारते हुये आवाज दिया तो कोई नही आया तब मै रोशनदास कोल के घर गया और उसे बुलाकर लाया तब तक छोटू की सांस चल रही थी कैलाश कोल की मृत्यु हो गई थी छोटू कोल को ब्यौहारी अस्पताल मे भर्ती कराये है

### ब्यौहारी पुलिस को मिली सफलता

ब्यौहारी पुलिस ने इस मामले पर थाना मे मर्ग क्र. 130/24 धारा 194 बी.एन.एस.एस. कायम कर जांच मे लिया गया । इसी दौरान सी.एच.सी. ब्यौहारी से पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि करंट लगने से घायल छोटू कोल को उपचार हेतु भर्ती कराया गया था जिसकी भी मृत्यु हो गयी है, दोनो मर्ग की जांच के दौरान मृतक कैलाश कोल एवं छोटू कोल के शव का शव पंचनामा किया जाकर पी.एम. कराया गया तथा फरियादी एवं गवाहानो के कथन लेख किये गये तथा दोनो मृतको की पी.एम. रिपोर्ट प्राप्त हुई । साक्षियों के कथन एवं पी.एम. रिपोर्ट के आधार पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध क्र. 730/24 धारा 105 बी.एन.एस. पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। विवेचना के दौरान घटना मे मंदीप कोल निवासी डंडी टोला खड्डा की भूमिका प्रकाश मे आने पर मंदीप कोल की तलाश की गई किन्तु घटना के बाद से ही मंदीप कोल के फरार हो जाने से मंदीप कोल से पूछताछ नही की जा सकी थी। विवेचना के दौरान दिनांक एक फरवरी की रात्रि मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि मंदीप कोल ग्राम खड्डा मे आ गया जो मंदीप कोल की तलाश कर उसे पुलिस अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ की गई तो उसके द्वारा अपने गांव के साथी हरिशंकर कोल पिता राजाराम कोल उम्र 50 वर्ष, झल्लू कोल पिता राजाराम कोल उम्र 48 वर्ष, उमेश पटेल पिता रामानुज पटेल उम्र 40 वर्ष सभी निवासी ग्राम खड्डा के साथ घटना घटित करना कबूल किया गया जो उक्त सभी को अभिरक्षा मे लेकर घटना के संबंध मे पूछताछ की गई जो बताये कि जंगली सुअर का शिकार करने के लिये बिजली करंट लगाने का काम करीब 01 वर्ष से करते आ रहे है उसी बिजली करंट मे फंसकर कैलाश कोल एवं छोटू कोल की मृत्यु हुई है ।घटना मे प्रयुक्त लकडी की खूंटी एवं करेंट फैलान मे प्रयुक्त जी.आई. तार जप्त किया गया है तथा आरोपीगणों विरूद्ध अपराध प्रमाणित पाये जाने से आरोपीगण मंदीप कोल पिता प्यारेलाल कोल उम्र 22 वर्ष, हरिशंकर कोल पिता राजाराम कोल उम्र 50 वर्ष, झल्लू कोल पिता राजाराम कोल उम्र 48 वर्ष, उमेश पटेल पिता रामानुज पटेल उम्र 40 वर्ष सभी निवासी ग्राम खड्डा को 03 अप्रैल को गिरफ्तार किया जाकर शुक्रवार को न्यायालय पेश किया। उक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक शहडोल रामजी श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं अति.पुलिस अधीक्षक शहडोल अभिषेक दीवान तथा एस.डी.ओ.पी. ब्यौहारी रवि प्रकाश कोल के दिशा निर्देशन मे ब्यौहारी पुलिस द्वारा की गई है । कार्यवाही मे थाना प्रभारी ब्यौहारी निरी. अरूण पाण्डेय एवं अधीनस्थ स्टाफ उनि मोहन पडवार, उनि श्याम सिंह, सउनि गया प्रसाद कन्नौजे, प्र.आर. नरेन्द्र उपाध्याय, प्र.आर. केदार सिंह, आर. त्रिलोक सिंह, आर. अमृत यादव, आर. अजीत यादव, आर. पुष्पेन्द्र सिंह, आर. राजीव सिंह, आर. गंगासागर गुप्ता की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।



## खबर संक्षेप

### कोतमा पुलिस व्दारा एक वर्ष पूर्व गुम हुई महिला को किया दस्तयाब



कोतमा। सूचनाकर्ता प्रेमलाल सिंह गोड़ पिता करेन सिंह गोड़ उम्र 28 साल नि. ग्राम चंगेरी थाना कोतमा का उपस्थित थाना आकर सूचना दिया कि मेरी पत्नी उम्र 23 वर्ष की दिनांक 18.05.2024 को घर से बिना बताये कहीं चली गई है। पता तलाश आस पास के क्षेत्र तथा नात रिस्तेदारी में किया जिसका कोई पता नही चला रिपोर्ट पर गुम इसांन क्र. 36/24 कायम कर जांच में लिया गया। जांच दौरान गुमशुदा निवासी ग्राम चंगेरी हाल पता सापड़, राजकोट (गुजरात) को दिनांक 03.04.2025 को ग्राम चंगेरी से दस्तयाब कर उसे परिजनो के सुपुर्द किया गया है। उक्त कार्यवाही में, सउनि गोविन्द प्रजापति, प्र.आर. 40 प्रदीप पाण्डेय की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### भागवत कथा प्रवचन का आनंद ले रहे भक्तजन



बदरा/जमुना। फाटक देवी और मरखी देवी स्थान पर इन दिनों भारी भीड़ चल रही है भागवत कथा प्रवचन सुनने भक्त दूरदराज से आ रहे हैं रोजाना भंडारा और हवन हो रहे हैं शासन प्रशासन द्वारा व्यवस्थाएं जगह-जगह पर किया गया है देवी स्थान पर पानी की टैंक करके पानी की व्यवस्था भी की गई है और राधे कृष्ण मंदिर में चल रहे दुर्गा मूर्ति की पूजा विधि विधान द्वारा किया जा रहा है जिसमें सम्मिलित अध्यक्ष डॉक्टर हिटलर विश्वास, उपाध्यक्ष भवन द्विवेदी, सचिव बीके सिंह, व्यवस्थापक श्यामलाल कुशवाह एवं सहयोग करता मनमोहन सिंह, अजय, केदार सिंह, सुभाष विश्वकर्मा, अंकित द्विवेदी, सचिन तिवारी, शिवनाथ, बिन्नू द्विवेदी, कृष्ण पाल सिंह और समस्त ग्रामवासी अपना पूरा समय देवी स्थान पर बिता रहे हैं और लोगों की सेवा में लगे हुए हैं।

### मोहिनी जलाशय के नहर में किया गया साफ-सफाई का कार्य



शहडोल। कलेक्टर डॉ केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिले में 30 जून 2025 तक जल को सहेजने, संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जल संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले के समस्त जनपद पंचायत के ग्राम पंचायतो में जल गंगा संवर्धन अभियान में लोगों ने उत्साह एवं उमंग के साथ जल का महत्व समझते हुए श्रमदान कर अपनी सहभागिता निभा रहे हैं। इस अभियान के अंतर्गत आज जनपद पंचायत जयसिंहनगर अंतर्गत मोहिनी जलाशय के नहर में साफ-सफाई का कार्य किया गया तथा जल संरक्षण का संदेश दिया गया

### बुढ़ार में जल गंगा संवर्धन के तहत लोगों को किया गया जागरूक

शहडोल। जिले में 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत गुरूवार को जिले के बुढार वार्ड नंबर 5 में जन अभियान परिषद के अंतर्गत पानी के संचय करने हेतु स्थित कुएं के आसपास की साफ सफाई कर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत श्रमदान कर एवं दीवार लेखन, मानव श्रृंखला के रूप में जागरूकता फैलाई गई एवं आम जन को जल संचय करने की समझाइए दी गई तथा जल संरक्षाण एवं संवर्धन की शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान CMCLDP विद्यार्थियों एवं परामर्शदाता पूर्णिमा मुखर्जी एवं चंद्रशेखर वर्मा सर उपस्थित रहे।

## कन्या महाविद्यालय में एक राष्ट्र एक चुनाव कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# एक राष्ट्र एक चुनाव से देश बढ़ेगा विकास की ओर

शहडोल। स्थानीय शासकीय कन्या महाविद्यालय में एक राष्ट्र एक चुनाव कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जयसिंहनगर क्षेत्र की विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि एक राष्ट्र में एक चुनाव होने से देश विकास की ओर बढ़ेगा उन्होंने कहा कि इससे समय और पैसे की बचत तो होगी ही साथ ही इससे विकास के नए रास्ते भी खुलेंगे श्रीमती मनीषा सिंह मुख्य अतिथि की आसंदी से अपने विचार व्यक्त कर रही थी कार्यक्रम के दौरान अन्य अतिथियों ने भी अपने विचार व्यक्त किया और कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने भी अपना उत्पादन दिया कार्यक्रम की व्यवस्था प्रभारी के रूप में भाजपा की सक्रिय कार्यकर्ता और पूर्व नगर पालिका सी एम ओ रविकांत त्रिपाठी ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की इस दौरान महाविद्यालय के दर्शन भर से अधिक प्राध्यापक छात्राएं और मुख्य अतिथि कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व कुलपति और भाजपा की जिला अध्यक्ष ने भी अपने उद्बोधन में सागर के विचार व्यक्त किया।

एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर मुख्य अतिथि की आसंदी से क्षेत्रीय विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव से विकसित भारत का सपना साकार हो सकेगा। इससे न केवल चुनाव खर्च कम करने में सरकार को आसानी होगी। वहीं चुनाव कराने में समन्वय बनेगा। ये बातें





कन्या महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में श्रीमती सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव कार्यक्रम के लागू होने से देश को विकसित करने की दिशा में सफलता मिलेगी।

वही कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मुकेश तिवारी ने भी अपनी उद्बोधन में कहा कि इसमें आर्थिक सुधार के साथ ही राजनीतिक दृष्टि से भी समन्वय बन सकेगा। रणनीति के तहत किसी चुनाव को कई चरणों में या एक साथ कराना है। श्री तिवारी ने कहा इस कार्यक्रम में जहां चुनाव खर्च में कमी आएगी वहीं राजनीतिक स्थिरता भी बढ़ेगी। लगातार चुनावों में सरकार और राजनीतिक दलों की तरफ से बड़ी मात्रा में धन खर्च होता है। वहीं आदर्श आचार संहिता का सही तरीके से लागू कर नीतिगत गतिरोध को रोका जा सकेगा। वहीं मतदाताओं की भागीदारी बड़ी संख्या में चुनाव में हो सकेगी। इससे मतदान प्रतिशत भी बढ़ेगा।कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि श्रीमती अनीता चपरा भाजपा जिला अध्यक्ष ने आयोजक के दौरान



अपने विचार रखते हुए कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव की अवधारणा भारत के लिए कोई नई व्यवस्था नहीं है। बल्कि पहले भी देश में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराए जा चुके हैं। उन्होंने आगे बताया कि 1951 से 1967 तक भारत में लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ आयोजित किए जाते थे। लेकिन समय से पहले कुछ विधानसभाओं के भंग होने के कारण यह सिलसिला टूट गया।

उन्होंने बताया कि बार-बार होने वाले चुनावों से प्रशासनिक कार्यों में बाधा, संसाधनों की बर्बादी और आर्थिक बोझ बढ़ता है। यही कारण है कि सरकार ने फिर से एक राष्ट्र, एक चुनाव व्यवस्था को लागू करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। इस विषय पर गठित पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति ने इस पर अपनी रिपोर्ट 2024 में प्रस्तुत की थी, जिसे केंद्र सरकार ने 18 सितंबर 2024 को स्वीकार किया।विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रदेश सहसंयोजक विधि प्रकोष्ठ चंद्रेश द्विवेदी ने कहा कि लगातार चुनावों के कारण सरकार का ध्यान विकास योजनाओं से हटकर चुनावों पर चला जाता है। एक साथ चुनाव से नीतिगत निर्णयों में तेजी और स्थिरता आएगी। आदर्श आचार संहिता की बाधा कम होगी- इससे प्रशासनिक निर्णयों में देरी नहीं होगी। संसाधनों का बेहतर उपयोग किया जा सकेगा ,बार-बार चुनावों के लिए सरकारी कर्मियों की तैनाती से अन्य कार्य प्रभावित होते हैं। इससे वित्तीय बचत भी होगी, चुनावों पर होने वाला बड़ा खर्च कम होगा और इससे आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।वही कार्यक्रम के संयोजक हर्षवर्धन सिंह ने भी छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक पहल है। देश की संसदीय और विधानसभा चुनाव प्रणाली में सुधार लाने के साथ-साथ विकास की गति को भी तेज करेगा। उन्होंने आगे कहा कि एक साथ चुनाव होने से देश के संसाधनों की बचत होगी। महिलाओं को राजनीति में अधिक प्रभावी रूप से भाग लेने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कन्या महाविद्यालय की छात्राओं से इस अभियान को व्यापक स्तर पर जन-जन तक पहुंचाने का आग्रह किया। कार्यक्रम के प्रभारी रविकरण त्रिपाठी बीजेपी की सक्रिय कार्यकर्ता रवींद्र शुक्ला, एमपी तिवारी, राहुल शर्मा, सचिन मिश्रा ने जहां अपने विचार रखे वही महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं सहायक प्राध्यापक डॉक्टर सी एम मिश्रा, डॉक्टर एस के सक्सेना के अलावा प्राध्यापक डॉक्टर बृज किशोर सिंह, डॉक्टर विनोद सुनार, डॉ भूपेंद्र सिंह, डॉक्टर लाल सिंह बंजारा एवं डॉ आर पी पासी, डॉक्टर नंद कुमार तथा अतिथि विद्वान नरहरि मिश्रा, अनुराग सोनी राजमणि नापित ने भी अपने उद्बोधन रखे, छात्राओं में प्रवीण मिश्रा, दीपाली दुबे, दीपा गुप्ता, रिया गुप्ता, मसीना बानो ने भी इस संदर्भ में अपने उत्कृष्ट विचारों को सबके सामने रखा।

## विराटेश्वरी धाम में महाअष्टमी की आरती, नवमीं को विशेष श्रृंगार, विशाल भंडारा, जवारा विसर्जन का होगा आयोजन

शहडोल। नगर के हृदय स्थल स्थित श्री विराटेश्वरी धाम दुर्गा माता मंदिर में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर महाष्टमी महाआरती का भव्य आयोजन होने जा रहा है श्री दुर्गा माता सेवा समिति के सेवादार विनय केवट ने जानकारी देते हुए शुक्रवार को बताया है कि हिंदू नव वर्ष शुक्ल प्रतिपदा चैत्र नवरात्रि के नौदिनी महापर्व के पावन अवसर पर चैत्र नवरात्रि महाष्टमी के दिन माँ भगवती की महाआरती का आयोजन किया जा रहा है इस संदर्भ में जानकारी देते हुए मंदिर के मुख्य पुजारी श्री आशीष राज तिवारी व श्री जयंतराज तिवारी ने बताया है कि चैत्र नवरात्रि के अवसर पर प्रथम दिन से ही जगत जननी मां भगवती की भव्य पूजा



अर्चना मंदिर के पुजारी व भक्तों द्वारा जल चढ़ाकर एवं प्रसाद का भोग लगाकर पूर्ण भाव भक्ति के साथ माता की आराधना की जा रही है उन्होंने बताया कि नौदिनी महापर्व के अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर माँ विराटेश्वरी जी की महाअष्टमी की महाआरती का भव्य आयोजन दिनांक 5/4/ 2025 दिन शनिवार किया जाएगा एवं 6 अप्रैल दिन रविवार को महानवमी के अवसर पर विशेष श्रृंगार मां भगवती का किया जाएगा व 7 अप्रैल दिन सोमवार को मां विराटेश्वरी के दरबार में विशाल भंडारे का आयोजन होगा तो वहीं 8 अप्रैल दिन मंगलवार को मां विराटेश्वरी के दरबार में ढोल नगाड़े की थाप पर काली खप्पर नृत्य के साथ भव्य जवारा जुलूस आयोजन किया जाएगा मां भगवती के जवारे नगर का भ्रमण करते हुए स्थानीय मोहन राम तालाब में विसर्जित किए जाएंगे इस अवसर पर आप सभी माता रानी के भक्तगणों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में मां भगवती के दरबार में पहुंचकर महाअष्टमी आरती, नवमी विशेष श्रृंगार ,विशाल भंडारा, जवारा जुलूस में शामिल होकर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त करें एवं अपने जीवन को धन्य बनाएं। वही बताया गया कि इस अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्री दुर्गा माता सेवा समिति के द्वारा समिति की ओर से मंदिर आने वाले भक्तों के लिए सभी व्यवस्था निशुल्क है , जूता चप्पल एस्टेंड ,मोटर साइकिल स्टैंड ,नारियल तोड़ने ,पानी ,लाइट , प्रसाद वितरण ,भक्तो के कथा पूजन के बाद साफ सफाई ,अष्टमी को महाआरती के बाद महाप्रसाद वितरण किया किया जाएगा श्री दुर्गा माता सेवा समिति के सेवादार मंदिर के पुजारी जयंतराज तिवारी, आशीषराज तिवारी, अंकितराज तिवारी, गीतेशराज तिवारी, मनीषराज तिवारी ,विकास तिवारी, एवं श्री दुर्गा माता सेवा समिति के संरक्षक श्री नारायण पांडे,श्री अशोक मिश्रा , नंदकिशोर, रामचन्द्र,चेलानी,अध्यक्ष श्री पुरुषोत्तम दास गुप्ता ,अनिल सैनी भालू ,देवेंदर द्विवेदी,विनय केवट , राजेश त्रिपाठी ,अजय,विकाश तिवारी श्रीवास्तव ,मृगेंद्र सिंह, देवेंद्र गुप्ता, राकेश यादव, रवि शंकर गौतम, राहुल श्रीवास, आलोक खटोर ,सोमू गुप्ता, गोलू सोनी, शुभम अग्निहोत्री, शिवम दुबे ,शुभम दुबे, विद्याचरण उपाध्याय, , रामकिशोर केवट, रवि केवट ,जतिन मंगलानी, गौतम राज , लवली, आकाश चौधरी अज्जू विश्वकर्मा के सेवादार हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अपनी सेवाएं निरंतर 30 सालों से माता के दरबार में दे रहे हैं।

## रामनगर में मेडिकल दुकानों का किया गया निरीक्षण

रामनगर। जिला दंडाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना रामनगर अन्तर्गत मेडिकल दुकानों में प्रतिबंधित मादक पदार्थ युक्त दवाईयों की निरीक्षण थाना रामनगर पुलिस एवं औषधि निरीक्षक अनूपपुर की संयुक्त टीम द्वारा 04 अप्रैल को किया गया है। श्रीराम मेडिकल स्टोर एवं कुमार मेडिकल स्टोर में की गई निरीक्षण के दौरान श्रीराम मेडिकल स्टोर में नार्कोटिक्स सम्बन्धित दवाईयां पायी गई जिसे खरीदी विक्री बिल के साथ ड्रग लायसेंसी व्यक्ति द्वारा बेंचा जा सकता हे उक्त दवाईयों के खरीदी विक्री बिल, स्टॉक रजिस्टर चेक किये गये है । औषधि प्रशाधन सामग्री अधिनियम 1940 नियमावली 1945 के तहत प्रत्येक नार्कोटिक दवाओं की बिक्री के लिए लाइसेंस धारी को इनकी ख़रीदी बिक्री का विवरण रखना अनिवार्य होता है। इस प्रकार के निरीक्षण नार्कोटिक्स सम्बन्ध में निरंतर किया जावेगा तथा कमी पाये जाने पर विधि अनुसार कार्यवाही की जायेगी ।

## चिकित्सा क्षेत्र में सफलता की नई ऊँचाई, एमडी परीक्षा में टॉप कर नगर को गौरवान्वित किया

धनपुरी। चिकित्सा के क्षेत्र में धनपुरी की बेटी ने एक बार फिर नगर को गौरवान्वित किया है। डॉ. प्रियांशी दवे ने मालवाँचल यूनिवर्सिटी की एमडी परीक्षा में रेडियो डॉयग्नासिस में पूरे विश्वविद्यालय में टॉप कर न केवल समूचे मालवांचल को गौरवान्वित किया बल्कि विन्ध्य की शान भी बढ़ाई है। रेडियो डॉयग्नासिस चिकित्साजगत के लिए बहुत ही अहम सीढ़ी है। यह चिकित्सा जगत की वह शाखा है, जो औषधीय प्रथाओं में निदान, चिकित्सीय और अनुसंधान उपकरणों के रूप में विकिरण, अल्ट्रासाउंड और चुंबकीय अनुनाद के उपयोग पर केंद्रित है। यह शरीर रचना विज्ञान, विकृति विज्ञान, शरीर विज्ञान और इंटरवेंशनल प्रक्रियाओं से संबंधित है। शरीर के अन्दर हो रहे हानिकारक बदलाव तथा शरीर में पनप रही अवांछित फॉरेन बॉडी की पहचान इसी पध्दति की नई विधा से आसान हो गई है। इस पध्दति से शरीर के अन्दर पनप रहे या बढ़ रहे रोगों की पहचान होती है। यह बहुत ही जटिल प्रक्रिया होती है। विरले लोग ही इस कठिन



चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में चिकित्सकीय शिक्षा पाने की चुनौती को पूरा कर पाते हैं। डॉ. प्रियांशी ने इस चुनौती को न केवल सफलतापूर्वक पूरा किया बल्कि उच्च अंकों के साथ पूरा भी किया। बता दें कि डॉ. प्रियांशी ने एमबीबीएस के प्रथम वर्ष में भी मध्यप्रदेश मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी में प्रदेश में पहला मुकाम हासिल किया था। अपने अध्ययन के पायदान की शुरुआत कॉर्मेल कॉन्वेन्ट स्कूल अमलाई से प्रारंभ कर चिकित्सा के क्षेत्र में ऊंचाइयों को छूनी वाली डॉ. प्रियांशी दवे, धनपुरी में शिक्षा के क्षेत्र में अनुशासन के लिए अपनी खास पहचान रखने वाले शासकीय बालक उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य तथा प्रदेश में विभिन्न स्थानों उपसंचालक शिक्षा के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके नगर के वरिष्ठ नागरिक श्री वेदव्यास दवे की पोती हैं। आपकी माता श्रीमती आभा दवे, वर्तमान में उसी विद्यालय जहां कभी उनके ससुर प्राचार्य के पद पर पदस्थ रहे, प्राचार्य के पद पर कार्यरत हैं। डॉ. प्रियांशी के पिता श्री ऋषिकेश दवे कन्या विद्यालय में सेवारत हैं।

### जल गंगा संवर्धन अंतर्गत ग्राम पंचायत साबों में लगाई गई चौपाल

शहडोल। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शहडोल जिले में 30 जून 2025 तक जल को सहेजने, संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जल संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले के समस्त जनपद पंचायत के ग्राम पंचायतो में जल गंगा संवर्धन अभियान में लोगों ने उत्साह एवं उमंग के साथ जल का महत्व समझते हुए श्रमदान कर अपनी सहभागिता निभा रहे हैं। जिसके तहत ग्राम पंचायत साबों में चौपाल लगाकर ग्राम वासियों को जल संरक्षण के विषय में बताया गया और अधिक से अधिक जल को संरक्षित करने का तरीका बताया गया साथ ही अधिक से अधिक पौधे लगाने का भी संदेश दिया गया।

## आओ हम बचाएं जल, सुरक्षित करें अपना कल



### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत श्रमदान कर की गई साफ-सफाई

बदरा/जमुना। 4 अप्रैल को मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद अनूपपुर के तत्वाधान से विकासखण्ड अनूपपुर के ग्राम मलगा (बकुलमुनि)में जिला समन्वयक उमेश पांडेय की उपस्थिति में परामर्शदाता, सीएमसीएलडीपी के विद्यार्थियों तथा प्रस्फुटन समिति, नवांकुर संस्था एवं ग्रामीणों के सहयोग से सामूहिक श्रमदान से साफ-सफाई कर खरपतवार, पॉलीथीन, कचरा का उचित निपटान किया गया। इस दौरान जिला समन्वयक उमेश पांडेय द्वारा जल संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश देते हुए कहा गया कि आज तुम जल बचाओ कल वह तुम्हे बचायेगा जल का संरक्षण भविष्य का संरक्षण है जल ही जीवन है तथा जल गंगा संवर्धन अभियान के उद्देश्यों को बताया गया। आज के कार्यक्रम में म.प्र. जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक उमेश पांडेय, सामाजिक अंकेक्षण के जिला समन्वयक संदीप शुक्ला, परामर्शदाता शिवानी सिंह, कृष्णा देवी, नवांकुर संस्था पसान के प्रतिनिधि विकास कुमार प्रस्फुटन समिति बरतराई सदस्य बिनोद सिंह, भलवाही समिति सदस्य रूप सिंह, परसापानी समिति सदस्य सीएमसीएलडीपी छात्र पारस मुखर्जी, ईश्वरदीन, निशा, नेहा, पूजा, दुर्गा, यशोदा, आरती, पूजा, रेखा, किरण, तारा एवं ग्रामीण जनों की सक्रिय सहभागिता रही।

## कोल इंडिया ड्रेस कोड के लिए गठित कमेटी की दिल्ली में हुई बैठक

### नेवी ब्लू पैंट व स्काई ब्लू शर्ट में दिखेंगे कोयला कर्मी

राजनगर। कोल इंडिया व उसकी सहायक कोल कंपनियों के पुरुष कर्मचारी जल्द ही नेवी ब्लू पेंट व स्काई ब्लू शर्ट में काम करते दिखेंगे। जबकि महिला कोल कर्मी मैरून कलर की साड़ी व कुर्ती, ब्लैक सलवार-दुपट्टा आदि में दिखेंगी। कोल इंडिया के अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए ड्रेस कोड तय करने के लिए गठित कमेटी की पहली बैठक बुधवार को दिल्ली में हुई। जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये है। इसमें 'एक समान ड्रेस कोड', ठेका श्रमिकों के लिए ड्रेस कोड, ड्रेस के लिए अग्रिम। राशि', कपड़े की गुणवत्तापूर्ण और वासिंग अलाउंस आदि शामिल हैं। ब्रांडेड कंपनियों का लेना होगा कपड़ा इन निर्णयों के अनुसार, कोल इंडिया के सभी कर्मचारियों व अधिकारियों के लिए एक समान ड्रेस कोड लागू किया जायेगा। जिसमें पुरुषों के लिए नेवी ब्लू पैंट व स्काई ब्लू शर्ट, जबकि महिलाओं के लिए मैरून कलर की कुर्ती, ब्लैक सलवार और दुपट्टा शामिल हैं। इसके अलावा, ठेका श्रमिकों के लिए भी ड्रेस कोड लागू किया जायेगा। जिसके लिए निविदा के शर्तों में प्रावधान किया जायेगा। ड्रेस के लिए अग्रिम रूप से राशि उपलब्ध कराई जायेगी, जिसके बाद कर्मचारी ड्रेस खरीद कर उसका बिल प्रस्तुत करेंगे। कपड़े की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए, कुछ खास कंपनी/फैब्रिक का ही कपड़ा लेना होगा, जिनमें रेमंड, रामराज कॉटन, अरविंद लिमिटेड, लुईस फिलिप, वर्दमान टेक्सटाइल, ब्लैक बेरी, विस्पन इंडिया, ट्रिडेंट ग्रुप आदि शामिल है। ड्रेस के लिए 10,500 रुपये साल में एक बार दिया जायेगा. जबकि वासिंग एलाउंस 185 रुपये प्रति माह की बात प्रबंधन के द्वारा कही गयी है। अनूपपुर जिले के हसदेव क्षेत्र, जमुना- कोतमा क्षेत्र श्रमिक तथा ऑफिसर , तथा महिला कर्मी अब ड्रेस में आएंगे। इससे कोल कर्मियों में खुशी जाहिर कि है। सभी कोल कर्मियों कि एक विशेष पहचान होगी। राजनगर आर.ओ. और बरतराई भूमिगत खदान के श्रमिकों ने कहा, गर्व से हम हैं। कोल इंडिया कि अगली बैठक 7 अप्रैल को कोलकाता में प्रस्तावित है, जिसमें ड्रेस कोड लागू करने से संबंधित ड्राफ्ट फाइनल कर कोल इंडिया बोर्ड के निर्णय के लिए भेजा जायेगा। बैठक में एमसीएल के निदेशक (एचआर) केशव राव, डब्ल्यूसीएल के निदेशक (एचआर) शरद पांडे, कोल इंडिया के जीएम (एस एंड आर) कार्तिकेयन, जीएम (एम एंड एम) मैमूद अली, जीएम (वित्त) एसईसीएल रोनटी बसु, कोल इंडिया के जीएम (एचआर) गौतम बनर्जी उपस्थित थे. जबकि यूनियन प्रतिनिधियों में सुजीत सिंह व रंजन बेहरा (बीएमएस), विनय सिंह (एचएमएस), अजय कुमार (एटक) व मंतोष ताये (सीटू) आदि उपस्थित थे।

## शराब दुकान को अन्यत्र हटाने लोगों ने की कलेक्टर से मांग





**मांग पूरी न होने पर होगा बृहद जनांदोलन**

कोतमा। नगर के वार्ड क्रमांक 4 बस स्टैंड के समीप आवासीय परिसर में संचालित शराब दुकान को हटाए जाने को लेकर नगरवासियों में आक्रोश दिनों दिन बढ़ता चला जा रहा है। नगर के लोगो द्वारा हाल में ही मंत्री दिलीप जायसवाल सहित स्थानीय अधिकारियों से जनहित में शराब दुकान को हटाए जाने की मांग की गई थी।

गुरुवार को वार्ड वासियों के द्वारा अनूपपुर जिला कलेक्टर कार्यालय एवं जिला आबकारी अधिकारी के समक्ष भी महिलाओं ने आवेदन देकर शराब दुकान हटाए जाने की मांग की गई। वार्ड वासियों का कहना है कि लगातार मांग किए जाने के बाद भी शराब दुकान न हटने से आए दिन यहां पर विवाद हंगामा होने के साथ असामाजिक तत्वों का जमघट लगता है जिनके द्वारा प्रतिदिन विवाद करते हुए मोहल्ले की शांति भंग की जाती है। शराब दुकान नहीं हटाई गई तो आने वाले दिनों में कोई बड़ी वारदात भी हो सकती है। गुरुवार को कलेक्टर के नाम अपर कलेक्टर को दिए गए ज्ञापन के बाद प्रकाश गुप्ता ने बताया कि कलेक्टर साहब ने गुरुवार की शाम 7:00 बजे तक कोई ना कोई निर्णय लेने की बात कही थी लेकिन दूसरे दिन शुक्रवार तक कोई भी कार्यवाही नहीं की गई है । अब उनका कहना है कि हमारा अगला कदम अंग्रेजी शराब दुकान के सामने सड़क पर बैठकर धरना प्रदर्शन करते हुए आंदोलन के लिए बाध्य होंगे



वार्ड वासी यशोदा गुप्ता ने बताया कि जब से शराब दुकान खुल गई है तब से सभी घरों में रहने वाले लोगों की नींद चैन हराम हो गई है। शाम ढलते ही असामाजिक तत्वों का जमघट शुरू होता है जो की आधी रात तक इनके आतंक को विवश होकर सहना पड़ता है। शराबियों के हुड़दंग के कारण छोटे बच्चों के मस्तिष्क पर गलत संस्कार जा रहा है।श्रीमती उर्मिला त्रिपाठी ने बताया कि शराब दुकान के कारण एक दर्जन से ज्यादा अवैध रूप से मीट एवं मछली की दुकानें संचालित होने लगी हैं जहां पर खुलेआम बैठकर शराब पिलाया जाता हैं। शाम से लेकर अगले दिन सुबह तक मीट की दुर्गंध से हम लोगों का जीना दुश्वार हो रहा है सुबह बस स्टैंड स्थित मंदिर जाने के रास्ते पर जगह-जगह मीट के टुकड़े पड़े रहते हैं। आस्था पर कुठाराघात किया जा रहा है। बीच बाजार शराब दुकान संचालित होने





से परेशान व्यापारी चंदन शर्मा का कहना है कि शराब दुकान के कारण घरों से महिलाओं का बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। गाली गलौज एवं हो हल्ला के कारण आस पास के कई घरों की महिलाएं घर के अंदर कैद रहने को मजबूर है। हम सब बाजार जाने से डरने लगी हैं।



वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद राजेंद्र सोनी रज्जू का कहना है कि हमारे द्वारा लगातार नगर पालिका सहित संबंधित अधिकारियों को शिकायत कर शराब दुकान अन्यत्र हटाने की मांग की जा रही है उसके बाद भी दुकान न हटाया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। शराब दुकान हटाने को लेकर आए दिन वार्ड वासियों द्वारा हमसे शिकायत की जाती है। नगरहित में वार्ड से शराब दुकान हटना ही चाहिए।



श्रीमती सरोज गुप्ता ने बताया कि हमारे मोहल्ले में लंबे अरसे से अंग्रेजी शराब की दुकान खुली हुई है दुकान के सामने ही छोटे-छोटे दुकानदारों के द्वारा अंडा मांस की होटल खोल दिए हैं और बैठक शराब का सेवन करवाते हैं इन शराबियों के द्वारा बीच सड़क पर ही खड़े होकर शराब का सेवन किया जाता है और उसके बाद हो हल्ला करते हुए गाली गलौज भी दी जाती है यह सिलसिला सुबह से लेकर देर रात तक शुरू रहता है जिसके कारण हम महिलाओं को घर से निकलना मुश्किल हो रहा है नवरात्रि का समय चल रहा है और हमें वहां से निकलकर मंदिर जाने में भी डर लगने लगा है। जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने के बाद भी कोई कार्यवाही आज तक नहीं की गई है । जिससे अब हम लोग परेशान होकर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

## खबर संक्षेप

### अवैध रेत चोरी कर परिवहन करते पाए जाने पर बिजुरी पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही



**बिजुरी।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर्र रहमान के द्वारा अवैध रेत परिवहन पर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर इसरार मन्सूरी एवं एस.डी.ओ.पी. कोतमा श्रीमती आरती शाक्य के मार्गदर्शन में बिजुरी पुलिस द्वारा दिनांक 04 अप्रैल को केवई नदी आमाघाट ग्राम कोठी में घेराबंदी कर एक नीले सफेद रंग के स्वराज ट्रेक्टर जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर MP65ZB6961 से अवैध रेत खनिज परिवहन करने पर रेड कार्यवाही कर अवैध रेत परिहवन करते हुए उक्त ट्रेक्टर ट्राली को जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया तथा आरोपी चालक/वाहन स्वामी के विरुद्ध अपराध धारा 303(2), 317(5) बीएनएस 4/21 खान खनिज अधिनियम) का पंजीबद्ध किया जाकर अनुसंधान किया जा रहा है उक्त रेड कार्यवाही में थाना प्रभारी बिजुरी निरी विकास सिंह, प्र.आर. 171 सतीष मिश्रा, आर. 504 लक्ष्मण डांगी चालक आर. 380 आनन्द बैस की उल्लेखनीय भूमिका रही ।

### प्रकृति सोनी का लॉ ऑफीसर बैंक में चयन, बधाईयों का लगा तांता



**कोतमा।** कोतमा इंस्टिट्यूट ऑफ़ बैंकिंग पर्सनेल सिलेक्शन बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षा में कोतमा नगर की प्रकृति सोनी का चयन होने पर नगर में खुशी का माहौल है। सफलता पर पूरे नगरवासियों द्वारा बधाईया दी जा रही है। बताया जाता है कि 182 लॉ ऑफीसर ( बैंक ) पद के लिए हुई परीक्षा में लगभग डेढ़ लाख परीक्षार्थियों ने प्रयास किया था। प्रतिभा की धनी प्रकृति ने प्रथम प्रयास में ही क्रैक कर अपने माता-पिता, परिवार, स्वर्णकार समाज एवं नगर का गौरव बढ़ाया है। प्रकृति सोनी के पिता राजेश सोनी अधिवक्ता संघ कोतमा के अध्यक्ष है तथा उनकी माता रमा सोनी शासकीय स्कूल में शिक्षिका है। प्रारंभिक शिक्षा सेंट जोसेफ स्कूल कोतमा से करने के पश्चात हायर सेकेंडरी परीक्षा डीपीएस भिलाई से उत्तीर्ण की थी। इसके बाद गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय बिलासपुर से बीएएलएलबी की उपाधि प्राप्त करने के पश्चात रेनैंस यूनिवर्सिटी इंदौर से एल एल ऍम की परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण किया। इंदौर में ही रहकर सिविल जज की तैयारी कर रही थी इसी दौरान आईबीपीएस की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर यूको बैंक के रीजनल ऑफिस मैं सेवाएं देने का मौका प्राप्त हुआ है। वर्तमान में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (SEBI) द्वारा आयोजित लॉ परीक्षा की भी तैयारी कर रहीं है । प्रकृति सोनी की सफलता पर समाज एवं नागरिकों द्वारा गांधी चौक में आतिशबाजी कर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए। बेटी के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाए भी दी गई।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जागरूकता अभियान

**कटनी।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जन अभियान परिषद द्वारा जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु विभिन्न जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। जागरूकता अभियान के तहत दीवार लेखन के माध्यम से आम जनों को जल के महत्व के संबंध में जानकारी प्रदान की जाकर जल संरक्षण हेतु प्रेरित किया जा रहा है। गुरूवार को पहाड़ी नवांकुर संस्था मंथन समाज विकास समिति बंडा द्वारा पहाडी निवार, तखला, बण्डा, लखपतेरी में दीवार लेखन के माध्यम से पानी का संरक्षण करने से जीवन का संरक्षण होने, जल है कल है, जल ही जीवन है, जल बचाओ जीवन बचाओ, हम सबकी यही पुकार, जल न व्यर्थ बहे बेकार, पानी को बचायेगे, देश मे खुशहाली लाने का संदेश दिया जा रहा है।

# जिस विधा में विद्यार्थियों को ज्ञान की आवश्यकता हो लक्ष्य निर्धारित करके ज्ञान अर्जित करें : ग्रामोद्योग राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल

बुढार। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय बुढार का वार्षिक स्नेह सम्मेलन प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग, स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल के मुख्यातिथ में आयोजित किया गया और छात्रों नें मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।










वार्षिकोत्सव कार्यक्रम जैतपुर क्षेत्र के विधायक जयसिंह मरावी की अध्यक्षता तथा सोहागपुर क्षेत्र के पूर्व विधायक छोटेलाल सरावगी, मीसाबंदी कामता प्रसाद गौतम, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रांतीय मंत्री माखन शर्मा, जिला पंचायत सदस्य जगन्नाथ शर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रविन्दर कौर छावड़ा, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी, श्रीमती मौसमी केवट के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथ प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग, स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि विद्यार्थी ज्ञानवान एवं संस्कारवान बनें और जिस विधा में विद्यार्थियों को ज्ञान की आवश्यकता हो लक्ष्य निर्धारित करके ज्ञान अर्जित करें, और जीवन निर्माण के साथ जीवन निर्वाह की दिशा में आगे बढ़े तथा अपने परिवार, समाज एवं राष्ट्र का नाम रोशन करें, तथा विद्यार्थी जीवन में समय के महत्व को समझे।

राज्यमंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस महाविद्यालय का मुख्य उद्देश्य यह है कि महाविद्यालय में छात्रों को उत्कृष्ट शिक्षा का लाभ अर्जित हो जहां खेल मैदान के साथ समस्त सुविधायें सुगमता से छात्रों को अर्जित हो और विद्यार्थी अच्छी शिक्षा अर्जित कर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिंका का निर्वहन कर सके। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार गरीबों, युवाओं, अन्नदाताओं तथा महिलाओं के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान कर उनके खुशहाली का मार्ग प्रसस्त कर रही है, और योजनाओं का सुगमता से लाभ अर्जित कराया जा रहा है। इस अवसर पर राज्यमंत्री नें राजपथ की परेड में शामिल होने वाले राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र अतुल सेन को 51 हजार का विशेष पुरस्कार देनें की सहर्ष घोषणा की, वहीं पूर्व विधायक छोटेलाल सरावगी ने महाविद्यालय में खेल गतिविधि में अग्रणी रहने वाले छात्रों को पुरुस्कृत करनें की घोषणा की जिसका करतल ध्वनीं से स्वागत किया गया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में महाविद्यालयीन छात्रों नें छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य, असम की लोक परंपरा को दर्शाते हुये बिहू नृत्य, मध्यप्रदेश की छटा को बिखरने वाला लोक नृत्य के साथ विविध मंचीय कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के प्रारंभ में एन.सी.सी. कैडेड कोर के छात्रों नें पैदल मार्च एवं बैंड वादन के साथ मुख्यातिथ की अगवानी की। जैतपुर क्षेत्र के विधायक जयसिंह मरावी ने कहा कि प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस महाविद्यालय की सौगात प्रधानमंत्री जी द्वारा अर्जित करायी गई है जिसका लाभ क्षेत्र के होनहार छात्रों को उच्च शिक्षा के साथ निश्चित ही अर्जित होगा। विशिष्ट अतिथि अभाविप प्रांत मंत्री माखन शर्मा ने कहाकि - छात्र कल का नहीं अपितु आज का नागरिक है, युवा शक्ति ही राष्ट्र की शक्ति है, राष्ट्र उत्थान में अपनी ऊर्जा लगाकर भारत को भव्य बनाने की दिशा में कार्य करें। कार्यक्रम अवसर पर महाविद्यालय की प्रचार्य डॉ श्रीमती गंगा मिश्रा नें मुख्यातिथ एवं अतिथियों का विद्यालय परिवार की ओर से स्वागत किया।

महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष निलेश जैन ने कहा कि

छात्रों को अपने कर्तव्य के प्रति सजग रहते हुए महाविद्यालय की प्रत्येक गतिविधियों में बढचढ कर सहभागिता निभानें की नितांत आवश्यकता है। इस अवसर पर उन्होंनें भारत के पूर्व प्रधानमंत्री पं. अटल बिहारी वाजपेयी जी के सताब्दी वर्ष में प्रतिभावान महाविद्यालयीन छात्रों को जनभागीदारी समिति मद से 51 सौ की राशि के साथ स्मृति चिन्ह प्रदत्त करनें की सहर्ष घोषणा की वहीं पीएससी की कक्षायें प्रारंभ कराये जानें एवं सिलाई, कढ़ाई, मेहंदी, नृत्य की निःशुल्क कक्षाओं का संचालन कराये जानें की बात कही। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक प्रभारी डॉ एन. मानिकपुरी ने किया तथा आभार प्रदर्शन छात्र संघ प्रभारी डॉ ए.के. उपाध्याय ने किया वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में - दौलत मनवानी, पुष्पेन्द्र ताम्रकार, पत्रकार - मोहन नामदेव, आशीष नामदेव,राकेश पांडे, सुधाकर शर्मा, सी.बी. शुक्ला, पप्पु कोल, धर्मेन्द्र दुबे, जयंत जसवानी, विशाल मनवानी, प्रतिमां जैन, सरिता शर्मा, डॉ संगीता मसी, डॉ राधेश्याम नापित, डॉ आई.के. बेक, डॉ मनोज कुजूर, डॉ. एस.एम. प्रजापति, डॉ ममता द्विवेदी, डॉ अनूप सेन, डॉ दिनेश वर्मा, डॉ. सोमा मिश्रा, डॉ. रानी पटेल, डॉ दीपा सिंह, डॉ. जयशंकर, डॉ दीपक पटेल, डॉ निपेंद्र सिंह करचुली, अंजना जैन, टीकम नायक, बी.एन. उपाध्याय, रितेश सिंह, रितेश जैन अजय जैन सहित महाविद्यालय का समस्त शैक्षिनिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहे।

## आबकारी एक्ट के तहत 4 कार्यवाहियां : अवैध शराब जप्त

**बुढार** ।03 अप्रैल को अवैध शराब बिक्री करने कि मुखबिर सूचना पर स्थानीय पुलिस ने ग्राम बैरिहा में दबिश देकर आरोपी हेतराम कोल पिता स्व० रामलाल कोल उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम बैरिहा बुढार के कब्जे से 06 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब कीमती 720 रु. की मौके पर जप्त की गई। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। उक्त कार्यवाही थाना प्रभारी बुढार के नेतृत्व में प्रआर० बसंता श्याम की सराहनीय भूमिका रही।

इसी क्रम में अवैध शराब बिक्री करने कि मुखबिर सूचना पर अमलाई पुलिस ने ग्राम बकहो में दबिश देकर आरोपिया राजेश कोल की पत्नी उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम बकहो के कब्जे से 08 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब कीमती 800रु. की मौके पर जप्त की गई। पुलिस द्वारा आरोपिया के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। उक्त कार्यवाही थाना प्रभारी अमलाई के नेतृत्व में प्रआर० शिवप्रसाद सिंह की सराहनीय भूमिका रही। इसी तरह जिले के थाना सोहागपुर क्षेत्रांतर्गत अवैध शराब बिक्री करने वालों पर भी कार्यवाही की गई है, पुलिस ने बताया कि मुखबिर सूचना पर पुलिस ने ग्राम जरवाही में दबिश देकर आरोपी वीरेन्द्र जायसवाल उर्फ गोलू पिता नारेन्द्र जायसवाल उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम जरवाही के कब्जे से 05 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब कीमती 500रु. की मौके पर जप्त की गई। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। उक्त कार्यवाही थाना प्रभारी सोहागपुर के नेतृत्व में सउनि० शुभवंत चतुर्वेदी की सराहनीय भूमिका रही। गोहपारू पुलिस ने भी अवैध शराब बिक्री करने कि मुखबिर सूचना पर पुलिस ने ग्राम हर्रहा टोला में दबिश देकर आरोपिया दुर्गा प्रसाद जायसवाल की पत्नी उम्र 46 वर्ष निवासी हर्रहा टोला गोहपाय के कब्जे से 05 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब कीमती 500रु. की मौके पर जप्त की गई। पुलिस द्वारा आरोपिया के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। उक्त कार्यवाही थाना प्रभारी गोहपारु के नेतृत्व में अमृतलाल की सराहनीय भूमिका रही

## चिप्स लेने गई नाबालिग से अश्लील हरकत कर दुराचार प्रयास : मामला दर्ज




**शहडोल ।** शहडोल में महिलाएं बच्चियां अब बिल्कुल सुरक्षित नहीं शहडोल में कभी घर में घुसकर नाबालिग से रेप तो कभी घर में घुसकर युवती से रेप के बाद शहडोल जिले के कोयलांचल नगरी धनपुरी के किराना सामग्री लेने गई एक 9 साल की नाबालिग से अश्लील हरकत दुराचार के प्रयास करने का मामला आया है , किराना दुकान व्यापारी नाबालिग से अश्लील हरकत दुराचार का प्रयास किया , जिसकी शिकायत नाबालिग ने धनपुरी थाने में की पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने अश्लील हरकत करने वाले किराना व्यापारी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है।इस मामले में को आड़े हाथो लेते हुए हिदू संगठनों ने विरोध करते हुए उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। यह कोई पहला मौका नहीं है जब उक्त किराना व्यापारी बच्चियों के साथ अश्लील हरकत किया हो।

**यह है घटना :**

धनपुरी थाना क्षेत्र के हर्राद़फ़ाई के पास किराना दुकान संचालक इस्तियाक उर्फ शानू के दुकान में एक 9 साल की मासूम चिप्स लेने आई थी, इस दौरान बच्ची को अकेला देख दुकानदार शानू उसे जबरन दुकान के अंदर बुलाकर अश्लील हरकत कर दुराचार का प्रयास किया, जिसका बच्ची विरोध करते हुए उसके हाथ में दांत काटकर किसी तरह से चंगुल से भाग गई, जिसके बाद कन्या भोज कर घर वापस लौटी नाबालिग ने मामले की जानकारी अपने परिजनों को दी , जिसके बाद बच्ची अपने परिजनों के साथ थाने पहुंच मामले की शिकायत दर्ज कराई, पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने इस्तियाक शानू के खिलाफ धारा 65,(2)351,(3)बीएनएस 5m/6 पास्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

## युवा टीम उमरिया का सराहनीय कार्यः घायल बछड़े का किया उपचार

**उमरिया।** मानव अपनी तकलीफों को दूसरों से साझा कर सकता है, लेकिन मूक जानवर अपनी पीड़ा को व्यक्त नहीं कर पाते। ऐसे में जब मूक जानवरों पर संकट आता है, तो उनकी मदद के लिए उठाए गए कदम सराहनीय होते हैं। इसी कड़ी में, युवा टीम उमरिया ने एक घायल गाय और उसके बछड़े का इलाज कर एक अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया।उमरिया जिले के सक्रिय युवाओं की टोली, युवा टीम उमरिया को एमपीईबी रोड पर स्थित पेट्रोल पंप के पास एक गाय का बछड़ा खून से लथपथ और गंभीर रूप से घायल अवस्था में पाई गई। जानकारी मिलते ही युवा टीम के सदस्यों ने तत्काल पशु चिकित्सालय पाली को सूचित किया और पशु चिकित्सक को घटनास्थल पर ले जाकर घायल बछड़े का इलाज कराया। इस मौके पर युवा टीम के संयोजक हिमांशु तिवारी, अर्जुन सिंह, शनि मेहरा, सौरव पांडेय और पुष्पेंद्र शुक्ला सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। इस कार्य ने यह साबित कर दिया कि युवाओं की पहल से मूक जानवरों की पीड़ा भी कम की जा सकती है।



# नरवाई में आग लगाना प्रतिबंधित, आदेश जारी



**शहडोल।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ केदार सिंह ने आदेश जारी किया है कि जिले में धान एवं गेंहू मुख्य फसल के रूप में की जा रही है। उक्त फसलों की कटाई मुख्य रूप से कंबाईन हार्वेस्टर के माध्यम से की जाती है। कंबाईन हार्वेस्टर से कटाई उपरांत फसलों की नरवाई में आग लगाने की घटनाओं में तेजी से वृद्धि हुई है। आग लगाने से भूमि की उर्वरा शक्ति में कमी होती है तथा पर्यावरण भी गंभीर रूप से प्रभावित होता है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के द्वारा नरवाई में आग लगाने की घटनाओं की सेटेलाईट मैपिंग की जा रही है। नरवाई में आग लगाना कृषि के लिये नुकसानदायक होने के साथ ही पर्यावरण की दृष्टि से भी हानिकारक है। इसके कारण विगत वर्षों में गंभीर स्वरूप की अग्नि दुर्घटनायें घटित हुई है तथा व्यापक संपत्ति की हानि होती है। ग्रीष्म ऋतु में बढ़ते जल संकट में इससे बढोत्तरी तो होती है ही साथ ही कानून व्यवस्था के लिये विपरीत परिस्थितियां निर्मित होती है। खेत में आग के अनियंत्रित होने पर जन, धन, संपत्ति, प्राकृतिक वनस्पति एवं जीव जन्तु आदि नष्ट हो जाते हैं, जिससे व्यापक नुकसान होता है। खेत की मिट्टी में प्राकृतिक रूप से पाये जाने वाले लाभकारी सूक्ष्म जीवाणु इससे नष्ट होते हैं, जिससे खेत की उर्वरा शक्ति शनैः शैनः घट रही है और उत्पादन प्रभावित होता है। खेत में पड़ा कचरा भूसा डंठल सड़ने के बाद भूमि को प्राकृतिक रूप से उपजाऊ बनाते हैं, जिन्हें जलाकर नष्ट करना ऊर्जा को नष्ट करना है। आग लगाने से हानिकारक गैसों का उत्सर्जन होता है, जिससे पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। जारी ओदश में समस्त हार्वेस्टर मालिकों को निर्देशित किया गया है कि फसलों की कटाई में उपयोग किये जाने वाले कंबाईन हार्वेस्टर के साथ स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम (एसएमएस) का उपयोग किया जाना अनिवार्य होगा। कंबाईन हार्वेस्टर के साथ एसएमएस अथवा स्ट्रा रीपर में से कोई भी एक मशीन साथ में रखना अनिवार्य होगा। फसलों की कटाई उपरांत नरवाई में आग लगाना पूर्णतः प्रतिबंधित होगा साथ ही नरवाई में आग लगाना दण्डनीय होगा। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के विरूध्द भा.न्या.सं. की धारा 223 के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी।

## शहडोल में तीन दिवसीय संगीत में राम कथा का आयोजन



**शहडोल।** अतुल्य विराट सम्मान समारोह के द्वितीय चरण के दौरान इस वर्ष सम्मान समारोह के साथ ही श्री राम कथा का तीन दिवसीय आयोजन शहडोल में किया जा रहा है, आयोजन को लेकर तैयारियां को अंतिम रूप दिया जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषक और कार्यक्रम के आयोजक प्रभंजन सिंह ने बताया कि मानस भवन शहडोल में संगीत में श्री राम कथा एवं सफाई मित्र सम्मान समारोह आगामी 16 17 और 18 अप्रैल को आयोजित किया जाना है, इसके लिए मानस भवन शहडोल में तैयारियां शुरू कर दी गई है, गीत संगीत डॉक्टर अशोक हरिवंश एवं दीप्ति पवन के द्वारा प्रस्तुत किए जाएंगे।

गौरतलब है कि बीते वर्ष भी अतुल्य विराट सम्मान समारोह के प्रथम चरण में समाज में स्वच्छता सफाई के क्षेत्र में कार्य करने वाले सफाई मित्रों को प्रोत्साहन के लिए समिति द्वारा सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें सम्मानित किया गया था, नगर पालिका क्षेत्र के सफाई मित्रों का बीमा राशि से सम्मान किया जाना है, इस कार्यक्रम में सभी को आमंत्रित किया गया है, प्रभंजन सिंह ने बताया कि इस वर्ष संगीतमय श्री राम कथा का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सभी प्रबुद्ध जनों को आमंत्रित किया गया है।

## कलेक्टर ने किया वेयर हाउस का आंतरिक निरीक्षण



**शहडोल।** कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. केदार सिंह ने आज कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ई.वी.एम. (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) और वीवीपैट के वेयरहाउस का आंतरिक निरीक्षण किया। इस दौरान राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि और संबंधित अधिकारी भी मौजूद थे। कलेक्टर केदार सिंह ने चुनावी उपकरणों की सुरक्षा और सही रख-रखाव सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण किया। उन्होंने मशीनों की स्थिति, सूचीबद्ध जानकारी और पैकिंग की सुरक्षा की जांच की। इस निरीक्षण का उद्देश्य चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखना और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी से बचना था।कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे चुनावी उपकरणों की सुरक्षा और संचालन में कोई कमी न होने दें। इस निरीक्षण के दौरान राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भी अपने सुझाव दिए।यह निरीक्षण चुनाव की पारदर्शिता और निष्पक्षता को सुनिश्चित करने की दिशा में एक अहम कदम है।

## विद्यार्थियों को तिलक लगाकर विद्यालय में कराया गया प्रवेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भुड़सा में प्रवेशोत्सव मनाया गया। छात्र छात्राओं को रोली तिलक वंदन लगाकर स्कूल में प्रवेश कराया गया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, विद्यालय के पूर्व प्राचार्य उदयराज बिसेन एवं वर्तमान प्राचार्य देवेंद्र कुमार जायसवाल और विद्यालय के समस्त शैक्षिक स्टाफ की उपस्थिति में नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को तिलक वंदन लगाकर मीठा खिलाकर पुष्प मालाओं के साथ स्वागत किया गया।

### उपस्थिति बढ़ाने हुई चर्चा

नव प्रवेषित छात्र छात्राओं को पुस्तकें वितरित की गई एवं छात्र छात्राओं को मीठा खिलाकर खिलाकर प्रवेश उत्सव मनाया गया एवं निरंतर बच्चों की कक्षा में उपस्थिति बढ़ाने के प्रयास को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

## प्राईवेट विद्यालय के संचालन संबंधी बैठक सम्पन्न



**शहडोल।** कलेक्टर डॉ केदार सिंह की उपस्थित में आज कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में जिले के प्राईवेट विद्यालयों में फीस वृद्धि संबंधित बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने प्राईवेट विद्यालय के संचालकों को निर्देश दिए हैं कि विद्यालय में फीस की वृद्धि शासन के नियमानुसार एवं समिति की शर्तों के अनुरूप ही बढ़ाना सुनिश्चित करें। उन्होनें कहा है कि किसी भी विद्यालय में फीस की वृद्धि मनमाने तरीके से नहीं होनी चाहिए। बैठक में कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि जिले में जितने भी प्राईवेट विद्यालय हैं उनकी सतत रूप से जांच की जाए। जांच के दौरान विद्यालयों में छात्रों को दी जाने वाली सुविधाओं की जांच की जाए। इसे साथ ही कलेक्टर ने जिले में संचालित समस्त प्राईवेट विद्यालयों में ली जाने वाली फीस की भी जानकारी ली। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी श्री फूल सिंह मारपाची, जिला कोषालय अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# कार की टक्कर से मोटर साइकिल में जा रही नानी की मौतः नाती घायल, पुलिस ने जप्त की कार



**अनूपपुर।** गुरुवार की देर शाम नगर से लगे परसवार गांव के मुख्य मार्ग में अपनी नानी का उपचार करा कर मोटरसाइकिल से बकेली गांव जाते समय सामने से आ रही एक कार ने टक्कर मार दी जिससे नानी की उपचार दौरान मौत हो गई जबकि नाती को चोट आने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया,घटना की जानकारी पर कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी कार चालक को कार सहित पकड़ कर कार्यवाही की। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना अनूपपुर अंतर्गत बकेली गांव निवासी 23 वर्षीय आकाश सिंह पिता बबन सिंह अपनी 77 वर्षीय नानी सुघरतिया बाई पति स्व. ददन सिंह निवासी पसला को अपनी मां सुमित्रा सिंह के साथ अनूपपुर से उपचार करा कर गुरुवार की रात 8 बजे के लगभग परसवार मार्ग से अपने गांव बकेली मोटरसाइकिल से जा रहा था तभी परसवार के पास सामने से आ रही एक सफेद रंग की कार के चालक ने लापरवाही पूर्वक कार चलाते हुए मोटरसाइकिल में जोर से टक्कर मार दी जिससे आकाश सिंह एवं उनकी नानी सुघरतिया बाई को गम्भीर चोट लगी जबकि मां सुमित्रा सिंह बच गई दोनों घायलों को उपचार हेतु ले जाने पर जिला चिकित्सालय के चिकित्सक द्वारा उपचार किया जा रहा था तभी 77 वर्षीय वृद्धा सुघरतिया बाई मौत हो गई घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस द्वारा कार को कार के चालक सहित पकड़कर कार्यवाही की, शुक्रवार की सुबह पुलिस के द्वारा परिजनों की उपस्थिति में मृतिका के शव का पंचनामा एवं पी,एम,की कार्यवाही की गई जबकि घायल नाती आकाश सिंह का जिला चिकित्सालय में भर्ती रख कर उपचार चल रहा है।




## खबर संक्षेप

### एडवोकेट विजय पाण्डेय एवं रजनीकांत मिश्रा नोटरी नियुक्त



**अनूपपुर।** भारत सरकार के विधि एवं न्याय मंत्रालय, विधि कार्य विभाग नई दिल्ली द्वारा एडवोकेट विजय पाण्डेय निवासी बरगंवा (अमलाई) तथा एडवोकेट रजनीकांत मिश्रा निवासी वार्ड नंबर 3 देवरी, चचाई, जिला अनूपपुर को नोटरी अधिनियम 1952 (53) के अधीन नोटरी नियुक्त किया है। उन्हें नोटरी के रूप में संपूर्ण अनूपपुर में व्यवसाय करने के लिए 5 वर्ष की अवधि के लिए प्राधिकृत किया गया है। एडवोकेट विजय पाण्डेय तथा एडवोकेट रजनीकांत मिश्रा के नोटरी नियुक्त होने पर जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष एडवोकेट संतोष सिंह, सचिव एड रामकुमार राठौर, एड बासुदेव चटर्जी, एड रामनरेश त्रिपाठी, एड संजय शुक्ला, एड आयूषी द्विवेदी, एड पूजा सहित अन्य अधिवक्ता साथीगढ, ईस्ट मित्रों ने बधाई और शुभकामनाएं दी है।

### एकादशमुखी श्री हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन 12 से 14 अप्रैल तक



**अमलाई।** एकादश मुखी श्री हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन आगामी 12 अप्रैल से 14 अप्रैल तक किया जा रहा चैत्र शुक्ल पक्ष पूर्णिमा 12 अप्रैल शनिवार को दिव्य कलश यात्रा (प्रातः 9 बजे से) निकाली जाएगी एवं पंचाग पूजन, देव आवाहन, जलाधिवास, प्रसाद वितरण किया जाएगा। वैशाख कृष्ण पक्ष प्रतिपदा 13 अप्रैल रविवार को पूजन, अन्नाधिवास, देव स्नपन, प्रसाद वितरण एवं वैशाख कृष्ण पक्ष द्वितीया 14 अप्रैल सोमवार को पूजन, प्राण प्रतिष्ठा, हवन एवं भंडारा का आयोजन किया जाएगा। यह पुनीत धार्मिक महोत्सव सिद्ध बाबा (ड़ोगरिया) वार्ड नं. 05 नगर परिषद बरगवां अमलाई में आयोजित किया जाएगा। मारुति नंदन सेवा समिति, अमलाई के तत्वाधान में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आयोजित किया जाएगा।

### स्वसहायता समूहों के सीएलएफ की बैठकों का हुआ आयोजन

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत स्व सहायता समूहों के संकुल स्तरीय संगठनों (सीएलएफ) की बैठकों का आयोजन किया गया, जिसमे निर्धारित एजेन्डे पर चर्चा कर आवश्यक कार्यवाही का निर्णय लिया गया। बैठकों में जिला कार्यालय तथा विकासखंड कार्यालय के मिशन टीम के सभी सदस्य आवंटित/संबंधित ब्लॉक के सीएलएफ की बैठक में उपस्थित हुए एवं राज्य कार्यालय द्वारा जारी एजेन्डा अनुसार चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिये गये।

# दुकानों पर ओवर रेट पर बिक रही शराब

### बिजुरी नगर मेँ संचालित शराब की दुकान, जहां हो रही मनमानी



**बिजुरी।** शहर में शराब को सरकारी रेट पर न बेच कर ओवर रेट बेचा जा रहा है। यह कार्य शराब दुकान मालिक आबकारी विभाग के अधिकारियों से मिली भगत कर कर रहे हैं। जिसकी वजह से आए दिन सेल्समैन और ग्राहक के बीच दुकानों पर झगड़े हो रहे हैं। गौरतलब है कि अंग्रेजी हो या फिर देसी शराब दुकान सभी दुकानों में प्रिंट रेट से दस से बीस रुपए अधिक दर पर बेची जा रही है, साथ ही शराब की दुकानों पर रेट लिस्ट भी नहीं लगी है। वहीं शराब की मिल रही शिकायत के बावजूद पुलिस-प्रशासन व आबकारी विभाग कोई कार्रवाई करने को तैयार नहीं है। यह सब अबकारी विभाग के अधिकारियों की जानकारी में हो रहा है। इस कारण से वे शराब दुकानदारों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। दुकानों पर काम करने वाले सेल्समैन मिलावटी शराब बेचने में भी काफी माहिर हैं। देसी शराब के क्वार्टर व बोतल में यह लोग आसानी से उसका ढक्कन खोलकर पानी की मिलावट कर बचे रहे हैं। शराब पीने वाले लोग यह सब जानते हैं, लेकिन झगड़े के डर के कारण यह लोग ज्यादा कुछ बोल नहीं पाते और विरोध किए बिना ही शराब खरीदकर चलते जाते हैं।

# सिविल न्यायालय राजेन्द्रग्राम में न्यायाधीशों को मिला नया आवास

### मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार केत ने किया नवनिर्मित भवनों का लोकार्पण



**राजेन्द्रग्राम।** सिविल न्यायालय राजेन्द्रग्राम में गुरूवार को न्यायाधीशों के लिए नवनिर्मित आवासीय भवनों का लोकार्पण समारोह संपन्न हुआ। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर के मुख्य न्यायाधीश न्यायामूर्ति सुरेश कुमार केत के द्वारा वी.सी. के माध्यम से भवनों का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में पोर्टफोलियो न्यायाधिपति जिला अनूपपुर श्रीमति अनुराधा शुक्ला एवं म.प्र. उच्च न्यायालय जबलपुर के रजिस्ट्रार जनरल धरमीन्दर सिंह वी.सी. के माध्यम से उपस्थित रहे। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश पी0सी0 गुप्ता के द्वारा नवनिर्मित न्यायाधीश आवास भवन का उद्घाटन नारियल चढ़ाकर, फीता काटकर भवन में प्रवेश किया गया। कुटुम्ब न्यायालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार लाढ़िया मौजूद थे। समारोह में कलेक्टर हर्षल पंचोली, पुलिस अधीक्षक मोतिउर रहमान एवं एसडीओपी अनूपपुर सुमित केरकेटा ने भी शिरकत की। कार्यक्रम में अपर जिल एवं सत्र न्यायाधीश पवन कुमार शंखवार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव विनोद कुमार वर्मा, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड सुनील कुमार खरे, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड निखिल सिंघई उपस्थित रहे। अधिवक्ता संघ के अधिवक्ता विनोद सिंह, संतोष कुमार मिश्रा सचिव, धीरेन्द्र पाण्डेय, अजय सोनवानी एवं अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे। पीआईयू के कार्यपालन यंत्री श्री इनवाती सहित न्यायालय के कर्मचारी भी मौजूद रहे। यह कार्यक्रम 3 अप्रैल गुरूवार की शाम 5 बजे आयोजित किया गया।

## भगवान प्रभु श्रीराम जन्मोत्सव के अवसर पर प्राकट्य पर्व का आयोजन कल



**अनूपपुर।** संस्कृति संचालनालय भोपाल के सहयोग से 06 अप्रैल को भगवान प्रभु श्रीराम जन्मोत्सव के अवसर पर एक दिवसीय प्राकट्य पर्व का आयोजन नर्मदा उद्गम स्थल अमरकंटक में किया जाएगा। संस्कृति संचालनालय द्वारा श्री राम जन्मोत्सव की गरिमा अनुरूप धार्मिक तथा पौराणिक मान्यताओं को दृष्टिगत रखते हुए उक्त कार्यक्रमों की संकल्पना तैयार की गई है, जिसका उद्देश्य अनूपपुर जिले की लोक संस्कृति, परंपरा, मान्यताओं, पर्यटन एवं धरोहरों को जोड़ने का प्रयास करना है। उक्त कार्यक्रम के सुव्यवस्थित एवं सफल संचालन को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर हर्षल पंचोली ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तन्मय वशिष्ठ शर्मा को नोडल अधिकारी एवं जिला समन्वयक जन अभियान परिषद उमेश कुमार पाण्डेय को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। कलेक्टर ने कार्यक्रम में कानून एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट व्यवस्था हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पुष्पराजगढ़ सुधाकर सिंह बघेल, आयोजन स्थल पर प्रकाश, साउंड, एलईडी, माईक, कुर्सी व अन्य टेंट सामग्री व्यवस्था हेतु मुख्य नगरपालिका अधिकारी अमरकंटक शिव प्रताप धुर्वे तथा सीईओ ज.पं. पुष्पराजगढ़ गणेश पाण्डेय, पूजनीय संत गणों एवं पुजारी परिवार आमंत्रण एवं सम्मान हेतु नायब तहसीलदार तहसील पुष्पराजगढ़ कौशलेंद्र शर्मा, स्वल्पाहार व्यवस्था हेतु जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती अनीता सोरते, सांस्कृतिक समारोह दल के आवास परिवहन एवं भोजन की व्यवस्था हेतु सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सुश्री सरिता नायक, मीडिया प्रचार प्रसार प्रबंधन हेतु पीआरओ अनूपपुर सुश्री कुसुम मरकाम, मंच संचालन हेतु जिला पंचायत के मीडिया अधिकारी अमित श्रीवास्तव, कार्यक्रम में युवाओं, विद्यार्थियों, महिलाओं, गणमान्य नागरिकों की आधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करवाने हेतु डीपीएम एनआरएलएम शशांक प्रताप सिंह, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सुश्री सरिता नायक एवं जिला शिक्षा अधिकारी तुलाराम आर्मो, कार्यक्रम में लाइव प्रसारण व्यवस्था हेतु जिला ई-गवर्नेंस मैनेजर विकास सिंह, आमंत्रण पत्र वितरण हेतु तहसीलदार पुष्पराजगढ़ गौरी शंकर शर्मा, बुके एवं फूलमाला की व्यवस्था हेतु सहायक संचालक उद्यानिकी सुभाष श्रीवास्तव, आमंत्रण पत्र मुद्रण व पेयजल एवं स्वच्छता की व्यवस्था हेतु मुख्य नगरपालिका अधिकारी अमरकंटक शिवप्रताप धुर्वे एवं निर्बाध विद्युत व्यवस्था हेतु अधीक्षण अभियंता एमपीईबी जीपी गोस्वामी की ड्यूटी लगाई है।

# हिंदुस्तान पावर के सीएसआर विभाग द्वारा स्कूली बच्चों को किया गया निःशुल्क स्कूल बैग वितरण




**अनुपपुर।** हिंदुस्तान पावर के अधीनस्थ सीएसआर (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) विभाग द्वारा शिक्षा को प्रोत्साहित करने और छात्रों को आवश्यक शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्थानीय विद्यालयों में निःशुल्क स्कूल बैग वितरण का सत्र चलाया जा रहा है।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों को अध्ययन में सहूलियत प्रदान करना और उनकी शिक्षा को सुगम बनाना है। बैग वितरण कार्यक्रम का आयोजन विभिन्न स्थानीय विद्यालयों में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शिक्षकगण एवं अभिभावक उपस्थित रहे। बता दें अभी तक कंपनी द्वारा लगभग 10 स्थानीय स्कूलों में 1000 से अधिक विद्यार्थियों को निशुल्क बैग वितरण किया है और इसी सत्र में लगभग 30 से अधिक स्थानीय विद्यालयों में 3000 अन्य विद्यार्थियों को इसी सत्र में वितरण का लाभ दिलाया जाना है। वितरण कार्यक्रम के अवसर पर हिंदुस्तान पावर के अधिकारीगण जिनमें मानव संसाधन विभाग के प्रमुख आर. के. खटाना, सीएसआर विभाग प्रमुख सत्यम सलील, जनसंपर्क अधिकारी गौरव पाठक, विभागीय अधिकारी रश्मि लखेरा, विकास राय आदि उपस्थित रहें। साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधि, विद्यालय के प्रधानाध्यापक, अध्यापक, एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी वितरण आयोजन में अपनी शिरकत की। इस अवसर पर मानव संसाधन विभाग प्रमुख आर. के. खटाना ने कहा, शिक्षा किसी भी समाज के विकास की आधारशिला होती है। हिंदुस्तान पावर हमेशा शिक्षा के प्रचार-प्रसार में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है, हमें उम्मीद है कि ऐसे प्रयासों से निश्चित ही बच्चों को शिक्षा में सहायता मिलेगी और वे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होंगे। सीएसआर प्रमुख सत्यम सलील ने कहा कि, हमारा उद्देश्य केवल स्कूल बैग वितरित करना नहीं है, बल्कि बच्चों को एक बेहतर शैक्षणिक अनुभव देना है, जिससे वे अपनी पढ़ाई में अधिक रुचि लें और आत्मनिर्भर बन सकें। मॉडल स्कूल, मुर्रा लहरपुर के प्रधानाध्यापक कमलेश सिंह राठौर ने हिंदुस्तान पावर की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि, विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के लिए यह उपयोगी सहायता है, इससे उन्हें अपने पाठ्यक्रम की पुस्तकों और अध्ययन सामग्रियों को व्यवस्थित तरीके से रखने और लाने जाने में मदद मिलेगी, निश्चित ही ऐसे प्रयासों से उनकी पढ़ाई अधिक प्रभावी हो सकेगी। वितरण सत्र में उपस्थित सभी अभिभावकों ने हिंदुस्तान पावर के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की और कहा कि इस तरह की पहल से बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ेगी और वे शिक्षा को गंभीरता से लेंगे। बता दें कि हिंदुस्तान पावर का सीएसआर विभाग समाजहित में निरंतर कई योजनाओं का संचालन कर रहा है, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं बुनियादी सुविधाओं का विकास प्रमुख रूप से शामिल हैं। कंपनी प्रबंधन द्वारा उपस्थित अतिथियों, स्थानीय नागरिकों को आश्वासन दिया कि कंपनी भविष्य में भी इस तरह की पहलों को जारी रखेगी ताकि क्षेत्र के बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर किया जा सके, और स्थानीय समुदाय को अधिकतम लाभ मिल सके।

# कलेक्टर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बेनीबारी का किया निरीक्षण

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने आज जिले के भ्रमण के दौरान जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेनीबरी का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने स्टॉक पंजी, दवाई कक्ष, ओपीडी कक्ष, रजिस्टर पंजी, सर्जिकल वार्ड, जरनल वार्ड सहित अन्य कक्षों का निरीक्षण किया। इस दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के 7 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए, जिस पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। इस दौरान कलेक्टर ने इलाज कराने आए मरीजों से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मिलने वाले स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में विभिन्न सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं के संबंध में स्वास्थ्य विभाग के अमले से चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तन्मय वशिष्ठ शर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ गणेश पांडेय सहित स्वास्थ्य विभाग का अमला उपस्थित था।

### श्रमिकों का क्रमिक अनशन दूसरे दिन भी जारी



**बदरा/जमुना।** कोयला मजदूर सभा (एचएमएस) द्वारा महाप्रबंधक कार्यालय के सामने कामगारों से जुड़ी विभिन्न मुद्दों को लेकर क्रमिक अनशन का आज दूसरा दिन आज के अनशन में रवि शाहू तथा सदन सिंह बैठे है दोनों अनशनकारी साथियों को श्रीकांत शुक्ला द्वारा तिलक लगाकर माल्यार्पण कर आज के अनशन की शुरुआत कराई गई आज के कार्यक्रम में सैकड़ों की तादात में संगठन के पदाधिकारी कार्यकर्ता तथा श्रमिक शामिल हुए सबने संगठन के इस कार्य की सराहना की तथा हर परिस्थित में साथ रहने का वायदा किया संगठन की सभा को कौशलधीश द्विवेदी उप महामंत्री, बासुकी सिंह संगठन मंत्री, महामंत्री रमाशंकर तिवारी ने संबोधित किया रमाशंकर तिवारी ने अपने संबोधन में बताया कि लोडर के एमजीबी का एरियर्स नारायण खदान में माइनिंग सरदार का चार्ज अलाउंस 2025 के मेन पावर बजट के आधार पर स्टॉफ एवं कर्मचारियों की पदोन्नति के साथ साथ अनुकंपा नियुक्ति के पेंडिंग प्रकरण की मांग पर लगभग 6 माह से प्रबंधन आंख मिचौली का खेल खेल रहा है साथ में ऐसा लग रहा है जैसे प्रबंधन तंत्र संगठन को गुमराह करने की असफल कोशिश कर रहा है जिससे संगठन में काफी आक्रोश है अंत में क्षेत्रीय अध्यक्ष श्रीकांत शुक्ला द्वारा सभा को संबोधित करते विभिन्न मुद्दों पर प्रकाश डाला गया और उनके द्वारा ये कहा गया कि इस बार की लड़ाई आर पार की लड़ाई है श्रीकांत शुक्ला ने कहा कि हमारी मांग जायज है और हम अपनी मांगों को मनवाकर ही दम लेंगे इन्हीं सब बातों के साथ सभी ने करतल ध्वनि के साथ श्रीकांत शुक्ला का समर्थन किया अंत में नारों की गुंज के साथ आज के कार्य क्रम को विराम दिया गया।

# चार मकान, दो खेतों की फसल नुकसान कर 12 किमी. की दूरी तय कर वापस गोबरी पहुंचा हाथी





**अनूपपुर।** गुरुवार एवं शुक्रवार की मध्य रात्रि एक दांत वाला नर हाथी लगभग 12 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए रात भर चार ग्रामीणों के मकान में तोड़फोड़ कर दो किसानों की खेतों में लगी फसलों को अपना आहार बनाता हुआ शुक्रवार की सुबह फिर से गोबरी गांव से लगे जंगल में पहुंचकर आराम कर रहा है रात में कई गांव में विचरण के कारण ग्रामीण जन रात भर परेशान रहे हैं। एक दांत वाला नर हाथी गुरुवार के दिन वन परिक्षेत्र क्षेत्र राजेंद्रग्राम एवं अनूपपुर की सीमा करने पटना एवं औढेरा बीट के जंगल में ठहरने बाद रात होने पर जंगल से निकलकर राजेंद्रग्राम के गिरवी गांव के कहुआकोनहा में जीवा पिता झूरु सिंह के कच्चे मकान को तोड कर कुठला में रखे धान को खाने, फैलाने के बाद भगायें जाने पर कोदूलाल पनिका के घर की दीवार को पीछे से तोडने पर भगाए जाने पर बैहार घाट उतरकर बैहार के दोखहाटोला गांव के किनारे से प्राकृतिक एवं धार्मिक स्थल आरदा ग्राम ठेही के पास पहुंचकर जयलाल सिंह के घर की दीवार एवं रसोई की दीवाल तथा पक्के घर का दरवाजा तोड़कर घर के अंदर रखे सामान को खाते हुए विष्णु भैना के धान लगी फसल को ग्रामीणों के कारण बचाते हुए सरदार नायक के घर के पास से ठेही गांव में पहुंचकर ग्रामीणों के भगाए जाने पर जैतहरी राजेंद्रग्राम मुख्य मार्ग के किनारे से आकर अचानक जीवनलाल अगरिया के घर की दीवाल को तोड़ धान एवं चावल को खा कर, फैला कर नुकसान पहुंचाते हुए हो-हल्ला करने पर आगे बढ़कर ठेही गांव के संतोष पिता चंद्रभान सिंह के खेत में लगी गेहूं को खाते हुए झिरियाटोला, गौरेला से दुधमनिया बीट के जंगल में प्रवेश कर लगभग 12 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए शुक्रवार की सुबह होते ही ग्राम पंचायत एवं वन बीट गोबरी के झूरहीतलैया नामक जंगल में पहुंचकर विश्राम कर रहा है, रात भर हाथी के ग्राम गिरवी, बैहार, दोखहाटोला, ग्राम पंचायत गौरेला के ठेही, गौरेला आदि गांव में हाथी के विचरण करने के कारण ग्रामीण पूरी रात जाग-जाग कर अपने घरों एवं खेत में लगे तथा रखें सामग्रियों को बचाने के लिए जागते रहे वही हाथी वनविभाग की गस्ती दल एवं ग्रामीणों को बीच-बीच में चकमा देकर यह हाथी जंगल नुमा स्थल पर पहुंचकर कुछ देर ठहरने बाद फिर से निकल कर विचरण करने लगता है, गुरुवार एवं शुक्रवार की मध्य रात्रि हाथी द्वारा किए गए नुकसान पर ग्राम पंचायत के पटवारी एवं वनरक्षक की टीम द्वारा संयुक्त रूप से सर्वेक्षण कर मुआवजा प्रकरण तैयार किया गया है।

### उन्नत नस्ल की गाय के लिए पुरस्कार योजना

**कटनी।** भारतीय गोवंशीय गायों के संरक्षण और प्रोत्साहन के लिए विशेष पुरस्कार योजना की घोषणा की गई है। इस योजना के तहत जिले के पशुपालकों के पंजीयन की अंतिम तिथि शुक्रवार 4 अप्रैल है। उच्च उत्पादकता वाली गायों को विशेष पुरस्कार दिया जायेगा। जिला स्तर पर प्रथम पुरस्कार 51 हजार, द्वितीय पुरस्कार 21 हजार एवं तृतीय पुरस्कार 11 हजार रुपये और राज्य स्तर पर प्रथम पुरस्कार दो लाख रुपये, द्वितीय पुरस्कार एक लाख रुपये एवं तृतीय पुरस्कार 50 हजार रुपये दिया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए पशुपालन विभाग कटनी, के नजदीकी पशु चिकित्सा केन्द्र से सम्पर्क किया जा सकता है। उप संचालक पशु पालन एवं डेयरी विभाग डॉ आर के सोनी ने बताया कि इस योजना के तहत विकास खंड स्तर में चयनित पात्र गायों के तीन टाईम के दूध उत्पादन का मूल्यांकन का कार्य 5, 6 एवं 7अप्रैल को पशु पालकों के परिसर में विभाग द्वारा गठित दल द्वारा किया जायेगा, जिसके आधार पर जिला स्तरीय कमेटी द्वारा योग्य एवं अधिकतम दुग्ध उत्पादन वाली गायों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय घोषित कर पुरस्कृत किया जायेगा।